Date 24/07/20

# पाठ - 3
## शब्द विचार

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-

1. शब्द किसे कहते हैं? उदाहरण सहित समझाइए।

उत्तर एक या एक से अधिक वर्णों से बनी स्वतंत्र और सार्थक ध्वनि को शब्द कहते हैं।
जैसे :- क् + अ + म् + अ = कम

2. सार्थक शब्द क्या होते हैं?

उत्तर :- जिन शब्दों का कुछ अर्थ निकले, उन्हें सार्थक शब्द कहते हैं। जैसे :- घर, दुकान, पुस्तक आदि।

3. व्युत्पत्ति के आधार पर शब्दों के कितने भेद होते हैं? उदाहरण सहित समझाइए।

उत्तर :- व्युत्पत्ति के आधार पर शब्दों के निम्नलिखित तीन भेद होते हैं :-

1. **रूढ़ शब्द** :- वे शब्द जिनके टुकड़े करने पर कोई अर्थ न निकलता हो, रूढ़ शब्द कहलाते हैं, जैसे :- फल, फूल, अमर, कल आदि।
2. **यौगिक शब्द** :- वे शब्द जो दो या दो से अधिक शब्दों से मिलकर बनते हैं, यौगिक शब्द कहलाते हैं; जैसे :- विद्यालय, पुस्तकालय, गुरुद्वारा, अमृतवाणी आदि,
3. **योगरूढ़ शब्द** :- वे शब्द जो दो या दो से अधिक शब्दांशों से बने, परंतु किसी विशेष अर्थ में रूढ़ हो जाएं, योगरूढ़ शब्द कहलाते हैं जैसे :- लंबोदर (गणेश), दशानन (रावण), नीलकंठ

Scanned with CamScanner

(शिव) आदि।

4- उत्पत्ति के आधार पर शब्दों के भेदों की उदाहरण सहित परिभाषा लिखिए।

उत्तर उत्पत्ति के आधार पर शब्दों के निम्नलिखित चार भेद हैं :-

1. **तत्सम शब्द** :- संस्कृत भाषा के जो शब्द मूल रूप में हिंदी भाषा में प्रयोग किए जाते हैं, तत्सम शब्द कहलाते हैं; जैसे :- दुग्ध, घृत, अग्नि आदि।

2. **तद्भव शब्द** :- संस्कृत भाषा के जो शब्द अपना रूप बदलकर हिंदी भाषा में प्रयोग किए जाते हैं, वे तद्भव शब्द कहलाते हैं; जैसे - दूध, घी, आग आदि।

3. **देशज शब्द** :- क्षेत्रीय भाषाओं के जो शब्द हिंदी भाषा में प्रयोग किए जाते हैं, वे देशज शब्द कहलाते हैं; जैसे - पगड़ी, थैला, झगड़ा आदि।

4. **विदेशी शब्द** :- दूसरे देशों की भाषाओं के वे शब्द जो हिंदी भाषा में प्रयोग किए जाते हैं, विदेशी शब्द कहलाते हैं जैसे :- स्कूल, स्टेशन, इंजन आदि।

Scanned with CamScanner